दिन– शुक्रवार दिनांक– 11 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नवरात्र के नौवें दिन आज देवी दुर्गा के नौवें स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की हो रही है आराधना। मंदिरों और पूजा–पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

02. विजयादशमी के मद्देनजर पटना के गांधी मैदान में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के किये गये व्यापक इंतजाम। अस्सी फीट ऊंचे रावण के पुलते का होगा दहन।

03. राज्य सरकार ने प्रदेश में पिछले दिनों आई बाढ़ के कारण फसलों की हुई क्षति के लिए चार सौ नब्बे करोड़ रूपये की सहायता राशि दिये जाने की घोषणा की।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी और सम्पूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जय प्रकाश नारायण को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की आराधना की जा रही है। पूजा को लेकर हर तरफ श्रद्धा और उल्लास का वातावरण है।

———म्यूजिक———

मान्यताओं के अनुसार माँ के इस स्वरूप की पूजा–अर्चना से सिद्धियों की प्राप्ति होती है। इस दिन मां दुर्गा अपने भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गयी। श्रद्धालु सुबह से ही देवी मंदिरों के साथ ही पूजा–पंडालों में पूजा–अर्चना करने पहुंचे। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिलों में पूजा पंडालों को आकर्षक कलाकृतियों से सजाया गया है। पटना में पंडालों को तिरूपति मंदिर और पशुपति नाथ मंदिर, स्वामी नारायण मंदिर की तर्ज पर सुसज्जित किया गया है। सीतामढ़ी जिले के पुनौरा में इसरो की मिसाईल, बेगूसराय के बखरी में केदारनाथ धाम और हाजीपुर के डाकबंगला चौराहे पर बद्रीनाथ मंदिर और सराय बाजार में वेल्लूरमठ की तर्ज पर बनाए गए पूजा पंडाल लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। अन्य जिलों में भी देश–विदेश के एतिहासिक स्थलों और स्मारकों के आधार पर पूजा पंडाल निर्मित किये गये हैं।

जिलों में भी नवरात्र के अवसर पर लोग श्रद्धापूर्वक माँ दुर्गा की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि शाम होते ही विभिन्न पंडालों में माँ दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

–––बाईट–––

सारण से हमारे संवाददाता ने बताया है कि छपरा में भक्तों का उत्साह चरण पर है। विभिन्न पूजा पंडालों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

–––बाईट–––

–––म्यूजिक–––

———————————————————————————

दुर्गा पूजा के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार हमें उच्च आदर्शों को धारण करने और शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से सांप्रदायिक और समाजिक सदभाव बनाए रखने की अपील की है। विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने प्रदेशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

दुर्गा पूजा के मद्देनजर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती के साथ संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र से लेकर मेडिकल कॉलेजों को भी अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। दुर्गा पूजा और दशहरा उत्सव के मद्देनजर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राजधानी पटना में प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर इन पूजा पंडालों के आस–पास बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की है। असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने के लिए सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं।

———————————————————————————

विजयादशमी पर कल पटना के गांधी मैदान में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह

ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

———बाईट———

इधर, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा के लिए एक सौ अट्ठाईस सीसीटीवी कैमरे, तेरह वाच टावर और बाइक दस्ते तैनात रहेंगे। पूरे कार्यक्रम स्थल को चार सेक्टरों में बांटा गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह अठारह अक्टूबर से प्रदेश में हिंदू स्वाभिमान यात्रा की शुरूआत करेंगे। यह यात्रा बाईस अक्टूबर तक चलेगी। हमारे बेगूसराय संवाददता से बातचीत में कहा कि इस यात्रा के दौरान हिंदुओं को जागरूक किया जायेगा।

———————————————————————————

श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा पटना के गांधी मैदान में कल रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस बार अस्सी फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया गया है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी और सम्पूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जय प्रकाश नारायण को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकनायक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका जन्म ग्यारह अक्टूबर उन्नीस सौ दो को सारण जिले सिताब दियारा में हुआ था। आकाशवाणी समाचार की एक श्रद्धांजलि।

———बाईट———

जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में अठारह मार्च उन्नीस सौ चौहत्तर को पटना में छात्र आंदोलन की शुरूआत हुई थी, जो देशभर में जे.पी. आंदोलन के रूप में जना गया। जे.पी. ने इस आंदोलन के दौरान सम्पूर्ण क्रांति का नारा दिया था।

———बाईट—जे.पी.———

जे.पी. के छात्र आंदोलन ने देश की सियासत की दशा और दिशा बदल दी थी। इस कारण उन्हें लोकनायक के नाम से भी जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकनायक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देश और समाज के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण का व्यक्तित्व और आदर्श हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। इधर, राजधानी पटना के आयकर गोलम्बर में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पटना के कदमकुआं स्थित चरखा समिति में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में पिछले दिनों आई बाढ़ के कारण फसलों की हुई क्षति के लिए सहायता राशि दिये जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फसल क्षति की राशि दीपावली से पूर्व जारी करने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग के आकलन के अनुसार प्रदेश में आई बाढ़ से बत्तीस जिलों में कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ है। चार सौ नब्बे करोड़ रूपये की फसल क्षति का आकलन किया गया है।

———————————————————————————

श्री नोएल टाटा को टाटा समूह के सहयोगी टाटा ट्रस्ट का निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री रतन टाटा के निधन के बाद आज बोर्ड की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। टाटा स्टील और वोल्टॉज सहित कई सूचीबद्ध कम्पनियों के बोर्ड में श्री नोएल टाटा सेवा देते है और श्री रतन टाटा के सौतेले भाई हैं।

———————————————————————————

जापान में हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम विस्फोट के दौरान जीवित बचे लोगों के जापानी समूह निहोन हिदानक्यो ने वर्ष दो हजार चौबीस के लिए नोबल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस समूह को हिबाकुशा के नाम से भी जाना जाता है और यह परमाणु हथियार मुक्त विश्व का लक्ष्य हासिल करने के लिए अथक प्रयास करता है।

———————————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है। यह दिवस दुनियांभर में लड़कियों की लैंगिक समानता, शिक्षा और अवसरों के महत्व को रेखांकित करता है। एक रिपोर्ट....

———बाईट———

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस, लड़कियों को सशक्त बनाने और उनके मानवाधिकारों को सुरक्षित करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। यह दिन दुनियाभर में एक ऐसा माहौल बनाने के लिए एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है, जहां लड़कियां समाज में आगे बढ सकें, अपने भविष्य का नेतृत्व कर सकें और उसे आकार दे सकें। भारत सरकार ने लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए बेटी बचाओ—बेटी पढाओ, उड़ान और सुकन्या समृद्धि योजना जैसे कई कदम उठाए हैं। किशोर न्याय अधिनियम—2015 बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चति करता है। लड़कियों के भविष्य में निवेश, वैश्विक समाज के सामूहिक भविष्य में प्रत्यक्ष निवेश है। सकलेन अखतर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार नदियों के गाद की समस्या से निपटने में हर संभव सहयोग करेगा। इसके साथ ही कोसी—मेची लिंक परियोजना में भी केन्द्र तय प्रावधान के तहत सहयोग देगा। गंगा का प्रवाह निर्बाध बनाए रखने के लिए नई दिल्ली में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल शामिल हुए। बैठक के बाद श्री मल्ल ने बताया कि बैठक में बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की

रणनीति पर चर्चा हुयी। उन्होंने कहा कि यह बैठक जल संसाधन प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के बाढ़ग्रस्त बंजरिया प्रखंड स्थित सिकरहना नदी के जलस्तर में कमी के बाद कटाव होने से जटवा चौक से जनेरवा होकर सुगौली, रामगढवा और रक्सौल प्रखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क नदी में समा गई, जिससे कई गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क टुट गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कटाव शुरू होने पर इसकी जानकारी विभाग को दी गई थी। उल्लेखनीय है कि बंजरिया प्रखंड के चौलाहां–फुलवार भाया जटवा, बुढ़वा, कुकुरजरी मार्ग पहले से ही बाढ़ के पानी के कारण बंद है। इन गांवो के लोग फिलहाल लंबी दूरी तय कर सुगौली और नरकटिया होकर जिला मुख्यालय आवागमन करने को हुए विवश है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता आलोक कुमार ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित कर कार्रवाई की जा रही है।

–––बाईट–––

---

बेगूसराय जिले के हरपुर कदराबाद स्कूल के एक शिक्षक पर भगवान के बारे में गलत जानकारी देने को लेकर बछवाड़ा बीडीओ ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

---

समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव के पास एक व्यक्ति की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। वहीं, शेखपुरा नगर क्षेत्र के जमालपुर मोहल्ला में बदमाशों ने सब्जी विक्रेता की हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

नवादा पुलिस ने राम नगर मोहल्ले में छापेमारी कर लाखों रूपये मूल्य के शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. नवरात्र के नौवें दिन आज देवी दुर्गा के नौवें स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की हो रही है आराधना। मंदिरों और पूजा–पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

02. विजयादशमी के मद्देनजर पटना के गांधी मैदान में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के किये गये व्यापक इंतजाम। अस्सी फीट ऊंचे रावण के पुलते का होगा दहन।

03. राज्य सरकार ने प्रदेश में पिछले दिनों आई बाढ़ के कारण फसलों की हुई क्षति के लिए चार सौ नब्बे करोड़ रूपये की सहायता राशि दिये जाने की घोषणा की।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी और सम्पूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जय प्रकाश नारायण को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।